एमएसएमई-विकास कार्यालय
(पूर्ववर्ती एमएसएमई-विकास संस्थान)
सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय
भारत सरकार
औद्योगिक प्रांगण, कोकर
राँची–834001 (झारखण्ड), भारत

MSME – Development & Facilitation Office
(Formerly MSME-Development Institute)
Ministry of Micro, Small & Medium Enterprises
Government of India
Industrial Estate, Kokar
Ranchi–834001 (JHARKHAND), India

No : 61/PMV-AP/Bokaro/25-26/713

दिनांक - 17.11.2025

ई-मेल/स्पीड-पोस्ट

सेवा में,

The Director
GGSETC, Chas,
Bokaro.

**विषय : बोकारो जिला में "पीएम विश्वकर्मा योजना" पर जागरूकता कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित करने के संबंध में।**

महोदय,

जैसा कि विदित है कि पारंपरिक शिल्पकारों तथा कारीगरों को उनके उत्पादों तथा सेवाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इन्हें शुरु से अंत तक कोलैटरल फ्री क्रेडिट, स्किल ट्रेनिंग, मॉडर्न टूल्स, ईनसेन्टिव फॉर डिजिटल ट्रांजैक्शन्स एवं मार्केट लिंकेज सपोर्ट आदि के माध्यम से समग्र सहायता प्रदान करने के लिए माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर दिनांक 17.09.2023 को एक नई योजना "पीएम विश्वकर्मा योजना" का शुभारंभ किया गया है।

विकास आयुक्त (एमएसएमई) कार्यालय, नई दिल्ली, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार सफलतापूर्वक पंजीकृत लाभार्थियों की भागीदारी अर्थात् ऐसे लाभार्थी जिन्होंने तृतीय चरण का सत्यापन पूरा कर लिया हो उनको उद्यमिता विकास, मूल्य निर्धारण रणनीतियाँ, बाजार के रुझान को समझना, वित्तीय/डिजिटल साक्षरता, बिक्री रणनीतियाँ, उत्पाद पैकेजिंग, लेबलिंग, डिज़ाइन, ऑनलाइन बिक्री का महत्व, ई-कॉमर्स ऑन-बोर्डिंग आदि के बारे में जानकारी देने हेतु बोकारो जिला में दिनांक 19.11.2025 को "पीएम विश्वकर्मा योजना" के लाभार्थियों हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाना है।

उपर्युक्त कार्यक्रम का उद्घाटन समारोह **दिनांक 19.11.2025 को पूर्वाह्न 11:30 बजे सभागार, लौहकर्मी प्रशिक्षण-सह-उत्पादन केंद्र, भेण्ड्रा, जिला-बोकारो** में आयोजित किया जाना है।

आपसे अनुरोध है कि इस कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में **विशिष्ट अतिथि** के रूप में पधार कर हमें अनुगृहित करने की कृपा करें। साथ ही आपसे अनुरोध है कि तकनीकी सत्र के लिए अपने विभाग के संबंधित Faculty **(MBA - Marketing)** को नामित करें। हमें विश्वास है कि आपकी गरिमामय उपस्थिति से बोकारो जिले के प्रतिभागी प्रोत्साहित एवं लाभान्वित होंगे।

धन्यवाद।

भवदीय

गौरव

(गौरव)
सहायक निदेशक ग्रेड-I
कृते संयुक्त निदेशक एवं कार्यालय प्रमुख